दिनांकः 03.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य विधानसभा का बजट सत्र आज से–विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन को सुचारु रूप से चलाने में सभी दलों से सहयोग की अपील की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देंगे।
- हाथरस हादसे पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया शोक–मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सघन पौधरोपण का सिलसिला।

राज्य विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। 16वीं विधानसभा का ये दूसरा सत्र है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बागीदौरा सीट पर हुए उपचुनाव में जीते जयकिशन पटेल शपथ लेंगे। सदन में पिछले सत्र में पारित और राज्यपाल की अनुमति से प्राप्त विधेयकों का विवरण रखा जाएगा। कार्य सलाहकार समिति का प्रतिवेदन भी सदन में प्रस्तुत किया जाएगा। सदन में आज शोकाभिव्यक्ति होगी। दस जुलाई को पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल सर्वदलीय बैठक बुलाई। उन्होंने सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की। श्री देवनानी ने कहा कि सदन ज्यादा से ज्यादा दिन चले और सार्थक बहस हो, इसके लिए सभी सदस्यों को सकारात्मक सोच रखनी होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि पहले सत्र के 2 हजार 54 प्रश्नों में से 92 प्रतिशत सवालों के जवाब सदन को मिल गये हैं। अब 177 प्रश्नों के जवाब आना बाकी हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि शेष प्रश्नों के जवाब भी जल्द मिलेंगे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन संचालन में सहयोग का आश्वासन दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा की तर्ज पर राज्य विधानसभा में भी लंच ब्रेक का समय निश्चित किया गया है। इससे एक ही समय पर सभी विधायकगण भोजन कर सकेंगे और उसके बाद दोबारा सदन की कार्यवाही में हिस्सा ले सकेंगे। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, बसपा के मनोज कुमार, बीएपी के थावर चंद, रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल अपने निवास पर भाजपा विधायक दल की बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा सत्र को लेकर पार्टी की तैयारियों और रणनीति पर चर्चा की। बैठक में तय किया गया कि आचार संहिता के बावजूद कम समय में राज्य सरकार की ओर से किये गये जनहित के फैसलों को सदन में पुरज़ोर तरीके से रखा जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर अभिनंदन प्रस्ताव रखा। उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ ने इसका अनुमोदन किया। इसके बाद विधायक दल ने प्रस्ताव पारित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देंगे। कल लोकसभा में चर्चा पर जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का ऐतिहासिक लगातार तीसरा कार्यकाल गति और निरंतरता के लिए जनादेश है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में तीन गुना गति से काम करेगी और देश को विकास के अगले स्तर पर ले जाएगी और 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा को पूरा करेगी। लोकसभा में दो दिनों तक चली बहस में विपक्ष ने राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–नीट और अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक के आरोपों पर सरकार से जवाब देने की मांग की।

राज्य सरकार ने छह आई.ए.एस. अधिकारियों के तबादले किये हैं। संयुक्त शासन सचिव तनिष्क कटारिया ने इस बारे में आदेश जारी किये। संदीप वर्मा को राज्य भंडारण निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। रोहित गुप्ता को उद्योग आयोग और निवेश संवर्धन ब्यूरो की जिम्मेदारी दी गयी है। प्रकाश चंद शर्मा को मुख्यमंत्री का विशेषाधिकारी बनाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद पर नवीन महाजन को नियुक्त किया गया है। वहीं प्रवीण गुप्ता को सार्वजनिक निर्माण विभाग का प्रमुख शासन सचिव बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक धार्मिक समागम में मची भगदड़ में 116 लोगों की मृत्यु हो गयी। ये हादसा कल सिकंदराराऊ तहसील के फुलराई गांव में कथा वाचक भोले बाबा के सत्संग में हुआ। घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हादसे के पीड़ितों को हर संभव मदद दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50–50 हजार रुपये दिये जाएंगे। इधर, भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि भरतपुर, डीग और आस–पास के क्षेत्र के सैंकड़ों लोग सत्संग में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। दुर्घटना में भरतपुर की तीन महिलाएं घायल हुई हैं।

दौसा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर कल एक टेम्पो और अज्ञात वाहन की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी और 15 लोग घायल हो गये। इनमें से चार गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि टेम्पो में सवार सभी लोग खाटू श्यामजी के दर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश लौट रहे थे। इस दौरान ये हादसा हुआ।

प्रदेश में इन दिनों विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। वृक्षारोपण अभियान के तहत कल पाली जिले के दयालपुरा गांव में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पौधे लगाये गये। वहीं हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर ने जिले के गौशाला संचालकों के साथ वीसी के जरिये संवाद किया। उन्होंने सघन पौधरोपण महाअभियान के दौरान गौशालाओं में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। उधर, झालावाड़ में भी अभियान के तहत करीब 14 लाख से ज्यादा पौधे लगाये जाएंगे। अकलेरा और मनोहर थाना क्षेत्र में कल जिला कलेक्टर की अगुवाई में आम जन के सहयोग से पौधरोपण किया गया। इस दौरान बच्चों को भी पौधों के महत्व के बारे में बताया गया। बारां में भी कल से हरियालो म्हांरो बारां वृक्षारोपण अभियान शुरू होने जा रहा है।

ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू होने जा रहा है। दो दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव करेंगे। सम्मेलन में एआई के इस्तेमाल, शासन प्रणाली और नवाचारों सहित अन्य पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। ये शिखर सम्मेलन वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई विकास को बढ़ावा देने पर ज़ोर देता है। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि, एआई विशेषज्ञ और नीति निर्माता भाग लेंगे।

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन की ओर से कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने के लिए कल जयपुर में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला कार्मिकों को कानूनी प्रावधानों के तहत उत्पीड़न से बचाव की जानकारी दी गयी।